पत्रांकः-भवन/स्था0-04/विविध-03/2026......3121 (भ)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नन्दन सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

स्मार

सभी अधीक्षण अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः- 01/4/26

विषयः- बिहार राज्य में आगामी 05 वर्षों (2025-30) की अवधि में कुल 01(एक) करोड़ नई नौकरी/रोजगार सृजन के प्रस्वावित लक्ष्य प्राप्ति के क्रम में प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः- विभागीय पत्रांक-2649(भ) अनु0 दिनांक-17.03.2026.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा निदेशक, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक-241 दिनांक-24.02.2026 के आलोक में आगामी 05 वर्षों (2025-30) में कुल 01(एक) करोड़ नई नौकरी/रोजगार सृजन के प्रस्वावित लक्ष्य प्राप्ति हेतु माहवार सृजित नौकरी से संबंधित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था जिससे संबंधित कोई भी प्रतिवेदन अबतक अप्राप्त है जिस कारण से वांछित प्रतिवेदन युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना को अबतक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है।

अतः वर्णित स्थिति में अनुरोध हैं कि अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ प्रमंडलों से संबंधित मासिक उपलब्धि प्रतिवेदन (माह अंकित करते हुए) विहित प्रपत्र में प्रत्येक माह के 15(पन्द्रह) तारीख तक **BCD S.E व्हाटसेप ग्रुप** एवं **विभागीय ई-मेल** के माध्यम से निश्चित रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

यदि किसी माह का प्रतिवेदन शून्य हो तो प्रपत्र-। में अनिवार्य रूप से शून्य भरकर प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाय।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,

अ॰ सिन्हा 01.04.26

(अवधेश नन्दन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।